## Report of the Workshop by Internal Quality Assurance Cell


## University of Lucknow.

Date: 27.04.2023

Time:3:30 P.M.

Venue: Conference Hall, Department of Business Administration, University of Lucknow.

Brochure



प्रो आलोक कुमार राय , कुलपति के नेतृत्व में लखनऊ विश्व विद्यालय नैक ए प्लस प्लस की उपलब्धि प्राप्त करने के साथ राष्ट्रीय शिक्षा नीति २०२० को लागू करने वाला प्रथम विश्व विद्यालय होने का गौरव भी प्राप्त कर चुका है . इसी क्रम में विश्व विद्यालय की आई क्यू ए सी टीम द्वारा दिनांक 27.04.23 को कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसनेंसभी विभागों के समन्वयक , आई क्यू ए सी की निदेशक प्रो संगीता साहू तथा सदस्य प्रो वी के राय, डॉ प्रदीप कुमार ,डॉ राजेश कुमार खरवार ,डॉ आकांक्षा सिंह,डॉ उर्वशी ,डॉ ऋषि कांत ने अपनी सहभागिता सुनिश्चित की.

कार्यशाला का प्रारंभ प्रो संगीता साहू ,निदेशक के स्वागत संबोधन से हुआ जिसमे सभी विभागीय समन्वयकों को आई क्यू ए सी की कार्य पद्धति तथा संबंधित डाटा संकलन के विभिन्न पक्षों पर प्रकाश डाला गया .उन्होंने बताया कि यह वैश्विक पटल पर विश्विद्यालय की दृश्यता को बढ़ाता है और शिक्षा नीति के अनुरूप शिक्षा के अंतर राष्ट्रीय स्वरूप की संकल्पना में सहायक है

कार्यक्रम में जिओ टैगिंग के विषय में तथा उसके अकादमिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में उपयोग करने के लाभ पर भी अवगत कराया गया .प्रखर जो कि आई क्यू ए सी टीम के छात्र सदस्य हैं तथा एम बी ए विभाग के छात्र हैं उन्होंने जिओ टैगिंग के उपयोग एवं प्रयोग पर प्रभावशाली डेमन्स्ट्रेशन दिया.उनके साथ सुभम् एवं शशांक ने भी इसके विषय में बताया .

लखनऊ विश्वविद्यालय निरंतर , अनुसंधान एवं वैश्विक पटल पर अंतर राष्ट्रीय विद्यार्थियों के नामांकन को दृष्टिगत रखते हुए अपनी आंतरिक गुणवत्ता पर सतत सुधार के प्रति अग्रसर है . इसके लिए कार्यशाला में सभी प्रतिभागियों से विस्तृत चर्चा भी की गई . जिसमें मुख्य रूप से फीडबैक की युक्तियों, परसेप्शन निर्माण ,शिक्षकों को प्रदान की जाने वाली सुविधाओं तथा शोध की गुणवत्ता को बढ़ाने वाली गतिविधियों पर चर्चा हुई .

कार्यशाला में विश्व विद्यालय के लगभग सभी विभागों के समन्वयकों ने अपनी उपस्थिति एवं सहयोग दिया .

Twitter Handle:

https://twitter.com/iqaclkouniv



VOICE OF LUCKNOW PAGE 6

## आईक्यूएसी की कार्य पद्धति के बारे में दी जानकारी

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय की आईक्यूएसी टीम के तत्वावधान में गुरुवार को कार्यशाला का आयोजन हुआ। इसमें सभी विभागों के समन्वयक, आईक्यूएसी की निदेशक प्रो. संगीता साहू तथा सदस्य प्रो. वीके राय, डॉ प्रदीप कुमार, डॉ. राजेश कुमार खरवार, डॉ आकांक्षा सिंह, डॉ उर्वशी, डॉ ऋषि कांत शामिल हुए।

निदेशक प्रो संगीता साहू ने सभी विभागीय समन्वयकों को आईक्यूएसी की कार्य पद्धति तथा संबंधित डाटा संकलन के विभिन्न पक्षों पर प्रकाश डाला गया। उन्होंने बताया कि यह वैश्विक पटल पर विश्वविद्यालय की दृश्यता को बढ़ाता है और शिक्षा नीति के अनुरूप शिक्षा के अंतर्राष्ट्रीय स्वरूप की संकल्पना में सहायक है। कार्यक्रम में जिओ टैगिंग के विषय में तथा उसके अकादमिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में उपयोग करने के लाभ पर भी अवगत कराया गया। छात्र प्रखर ने जिओ टैगिंग के उपयोग एवं प्रयोग पर प्रभावशाली डेमन्स्ट्रेशन दिया। उनके साथ शुभम एवं शशांक ने भी इसके विषय में बताया।

लखनऊ विश्वविद्यालय निरंतर, अनुसंधान एवं वैश्विक पटल पर अंतर्राष्ट्रीय विद्यार्थियों के नामांकन को दृष्टिगत रखते हुए अपनी आंतरिक गुणवत्ता पर सतत सुधार के प्रति अग्रसर है। इसके लिए कार्यशाला में सभी प्रतिभागियों से विस्तृत चर्चा भी की गयी। जिसमें मुख्य रूप से फीडबैक की युक्तियों, परसेप्शन निर्माण, शिक्षकों को दी जाने वाली सुविधाओं तथा शोध की गुणवत्ता को बढ़ाने वाली गतिविधियों पर चर्चा हुई। कार्यशाला में विश्वविद्यालय के लगभग सभी विभागों के समन्वयकों ने अपनी उपस्थिति एवं सहयोग दिया।



## डाटा संकलन की दी जानकारी

लखनऊ : लवि की इंटरनल क्वालिटी एश्योरेंस सेल (आइक्यूएसी) की ओर से गुरुवार को कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में प्रो. संगीता साहू ने सभी समन्वयकों को आइक्यूएसी की कार्य पद्धति तथा संबंधित डाटा संकलन के विभिन्न पक्षों के बारे में विस्तार से बताया। कार्यशाला में जिओ टैगिंग तथा उसके अकादमिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में उपयोग करने के लाभ से भी अवगत कराया। (जासं)



## राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को एलयू ने सबसे पहले किया लागू



लखनऊ। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को लागू करने वाला प्रथम विश्वविद्यालय का गौरव प्राप्त कर चुका है एलयू। विश्व विद्यालय की आई क्यूएसी टीम की ओर से कार्यशाला हुई। जिसमें आईक्यूएसी की निदेशक प्रो संगीता साहू व सदस्य प्रो वीके राय, डॉ प्रदीप कुमार ,डॉ राजेश कुमार खरवार, डॉ आकांक्षा सिंह, डॉ उर्वशी, डॉ ऋषि कांत शामिल रहे। लोकसत्य

Lucknow 28-04-2023

http://epaper.loksatya.com/

लोकसत्य
राष्ट्रीय हिंदी दैनिक